एक नजर

चीन में निमार्णाधीन प्लेटफार्म ढहने से 67 मरे

बीजिंग, एजेंसी। चीन में विद्युत उत्पादन केंद्र के निमार्णाधीन प्लेटफार्म के ढहने से वहां काम कर रहे 67 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा पूर्वी चीन के जिआंगसी प्रांत में हुआ है। गुरुवार सुबह सात बजे कुलिंग टावर प्लेटफार्म जमीन पर आ गिरा। इसके नीचे कई लोग दब गए। मरने वालों की संख्या 67 हो गई है। इससे पहले बचावकर्मियों ने मरने वालों की संख्या 40 बताई थी। श्रमिकों की सुरक्षा संबंधी चीन के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, जिस समय प्लेटफार्म ढहा उस समय वहां 68 लोग काम कर रहे थे। एक श्रमिक की संख्या कम होने से उसकी तलाश की जा रही है।

विवादों के बीच नए बंगले में पहुंचे तेलंगाना के सीएम

हैदराबाद, एजेंसी। विवादों के बीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने नए सरकारी बंगले में गुरुवार को प्रवेश किया। इस बंगले को देश के किसी भी मुख्यमंत्री के आवास से बेहद आलीशान और मंहगा बताया गया है। इसके बावजूद तक को बुलेटप्रूफ बनाया गया है। इसके चलते यह विषय के निशाने पर आ गए हैं। नया सीएम आवास शहर के बेगमपेट इलाके में स्थित है। चंद्रशेखर ने पत्नी शोभा राव और परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ सुबह करीब 5.22 बजे प्रवेश किया। इस दौरान वास्तु पूजा, सुदर्शन यज्ञ और पुण्याहूंति जैसे अनुष्ठान किए गए।

अमरिंदर सिंह का इस्तीफा किया स्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने सदन में कांग्रेस के उपनेता अमरिंदर सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। स्पीकर ने कहा, मैंने 23 नवंबर के प्रस्ताव से उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। सिंह ने कल लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की थी और सदन की सदस्यता से अपना इस्तीफा उन्हें सौंपा था। अमरिंदर सिंह ने सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर जल बंटवारा समझौते पर उच्चतम न्यायालय के 10 नवंबर के फैसले के बाद पंजाब की जनता के साथ अन्याय होने का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ संसद की सदस्यता से इसीफे की घोषणा की थी।



फिलीपीन्स में भारतीय सिख दंपती की गोली मारकर हत्या

मनीला। फिलीपीन्स के कैलाइज़ा सुर प्रांत में गुरुवार को नोटरसाइकल पर सवार दो हमलावरों ने एक भारतीय सिख दंपती की हत्या कर दी। स्थानीय समाचार पत्र टेमपो की खबर के अनुसार, भगवत सिंह लुद्दर (45 साल) और उनकी पत्नी जसविन्दर कौर (36 साल) की नोटरसाइकल पर सवार दो हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी। यह दंपती कैलाइज़ा सुर प्रांत में सिपोकोट शहर का निवासी था। पुलिस ने बताया कि हमले में पति-पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बता दें कि फिलीपीन्स में पहले भी भारतीयों पर हमले की कई घटनाएं हुई हैं।

मंत्री नोटबंदी और उसके असर के बारे में बताएंगे

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ मंत्री पार्टी सांसदों को नोटबंदी और उसके असर के बारे में बताएंगे। केंद्र के करीब 10 वरिष्ठ मंत्री 40-40 सांसदों के बैच से मिलेंगे और उन्हें बताएंगे कि जनता के बीच जाकर उन्हें किस तरह अपनी बात रखानी है। मनोहर पर्रिकर, राजनाथ सिंह, सुरेश प्रभु, वेंकैया नायडू, अरुण जेटल और जेपी नड्डा डिनर पर सांसदों से मुलाकात करेंगे। इन तमाम बैठकों में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह मौजूद रहेंगे। गुरु जवाब प्रधानमंत्री मोदी भी आ सकते हैं।

पाकिस्तान ने भारतीय उप उच्चायुक्त को फिर तलब किया

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर कथित तौर पर संघर्ष विराम के बेजमह उल्लंघन को लेकर आज लगातार तीसरे दिन भारतीय उप उच्चायुक्त जेपी सिंह को तलब किया और दावा किया कि भारतीय सैनिक हिंसात्मक इलाकों को इसतरफ निशाना बना रहे हैं। पाकिस्तान विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि महानिदेशक (दक्षिण एवं दक्षेस देश) नोरबाद फैजल ने सिंह को तलब किया और भारतीय सैनिकों द्वारा बल को जानबूझकर निशाना बनाकर किए गए संघर्ष विराम के उल्लंघन की निंदा की। पाकिस्तान का कहना है कि घुसपैठिया सेक्टर में भारतीय सुरक्षा बलों की गोलीबारी में दो आम लड़की मारे गए और एक घायल हो गया।

चीनी वैज्ञानिकों ने खोज निकाले 1,445 नए वायरस

बीजिंग। चीनी वैज्ञानिकों ने वायरलॉजी के क्षेत्र में जबरदस्त सफलता हासिल की है। लोधस्त्रओं ने 1,445 नए वायरस का पता लगाने का दावा किया है। इसके माध्यम से वायरस के प्राकृतिक विकास और जीवन के उद्भव के बारे में कई जानकारी हासिल की जा सकेगी। रेपोजेटर में प्रकाशित लेख के मुताबिक चीन के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन (सीडीसी) के वैज्ञानिकों ने यह सफलता हासिल की है। लोधस्त्रओं ने बताया कि नए सूक्ष्मजीवविक एनिड वायरस (आरएनए) की खोज ने विषाणुओं को कवीकृत करने के मौजूदा तरीके को दुरुस्त दी जा सकेगी। वैज्ञानिकों के दल ने 220 तरह के बिना स्पाइनल कॉलम (अपरेटेबरी) वाले जीवों का अध्ययन करने के बाद इसका पता लगाया है।

मुलायम की छोटी बहू ने कहा, पीएम ईमानदार

रुद्रपुर। तथा मुलायम मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ईमानदार बताते हुए नोटबंदी के फैसले की सराहना की। साथ्रक उन्होंने इसे लागू करने के तरीके को गलत बताया। अपर्णा ने कहा कि आधी-अधूरी तैयारी नतीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अपर्णा मुलायम से उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले की रहने वाली हैं और मुलायम के छोटे बेटे प्रतीक की पत्नी हैं।

हार्ट ऑफ एशिया: पाक से बातचीत की राह आगे बढ़ने के आसार

नई दिल्ली। एलओसी पर भारी तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान बातचीत के रास्ते तलाशते दिख रहे हैं। इसके लिए 3 और 4 दिसंबर को अमृतसर में हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन अहम होगा, जिसमें विदेशी मामलों पर पाकिस्तानी पीएम के सलाहकार सरताज अजीज हिस्सा लेने आ रहे हैं।

राजनयिक सूत्रों के अनुसार, इस सम्मेलन के दौरान अजीज और भारत के वातार्कारों के बीच अलग से बातचीत की संभावनाओं को खारिज नहीं किया जा सकता है। अजीज पहले ही कह चुके हैं कि यह सम्मेलन दोनों देशों के बीच तनाव घटाने का अच्छा मौका होगा।

अफगानिस्तान पर फोकस हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में करीब 40 देश हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज अस्वस्थ होने के कारण इसमें हिस्सा नहीं लेंगी। लेकिन माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। विदेश नीति पर अहम फैसले ले रहे पीएम पहले भी पाकिस्तान के साथ संबंधों में चौंकाने वाला बदलाव लाने के लिए जाने जाते रहे हैं। क्या इस सम्मेलन के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच अलग से बात हो सकती है, इस सवाल को भारत ने खारिज नहीं किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विकास स्वरूप ने गुरुवार को कहा कि सम्मेलन की रूपरेखा अभी तैयार की जा रही है। अभी इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता है। सरताज अजीज के साथ द्विपक्षीय बातचीत के मुद्दे को न हम खारिज करते हैं, न पुष्टि करते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने साफ किया

कि हम बातचीत चाहते हैं, लेकिन आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान इसके लिए उचित माहौल तैयार करे। सैन्य सूत्र भी मानते हैं कि टकराव बढ़ाना समस्या का हल नहीं हो सकता है। बुधवार को दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत में एक तरफ कहा गया था कि अगर पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की कोशिश हुई तो उसका उचित जवाब दिया जाएगा। दूसरी यह भी कहा गया था कि पाकिस्तान के डीजीएमओ अपने सैनिकों को गलत गतिविधियों में शामिल होने से रोकें, जिससे एलओसी पर हालात सामान्य करने में मदद मिलेगी। भारत के रक्षा हलकों से जारी इस भाषा के संकेत दूर तक देखे जा रहे हैं। बुधवार को डीजीएमओ की बातचीत पहले से तय नहीं थी, लेकिन पाकिस्तान की ओर से इसकी गुजांइश को भारत में पॉजिटिव नजरिये से देखा जा रहा है।

सरकार ने कहा- आतंक और बातचीत एक साथ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्रालय के स्पोक्सपर्सन विकास स्वरूप ने कहा कि पाकिस्तान ने 6 दिन में 27 बार सीजफायर तोड़ा है और 15 बार आतंकियों ने भारत में घुसपैठ की कोशिश की है। स्वरूप ने ये भी कहा, पाकिस्तान ये जान ले कि बातचीत के लिए शांति का माहौल होना चाहिए। आतंकवाद और वार्ता दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद अब तक एलओसी, जम्मू-कश्मीर और इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाक 300 से ज्यादा बार कॉन्सेलेशन कर चुका है।

आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश को लेकर चिंतित

विकास स्वरूप ने कहा कि सरकार इस बात को लेकर चिंतित है कि सीमा पार से लगातार आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। सरकार ने इस बात का पुरजोर विरोध किया है कि पाकिस्तान पीओके पर गांवों को निशाना बना रहा है। पाक ऐसा जानबूझकर कर रहा है। हम बंदू बाबूलाल छापेमार की सुरक्षित वापसी की कोशिशें भी कर रहे हैं, जो कि 7 हफ्ते पहले गलती से एलओसी के पार चला गया था। भारत ने एलओसी पर सीजफायर कॉन्सेलेशन को लेकर इस महीने चौथी बार पाकिस्तान के डिप्टी हाई कमिश्नर को तलब किया है।

सरताज अजीज से बातचीत तय नहीं

पाकिस्तान के विदेश मामलों के सलाहकार अजले महीने 4 तारीख को भारत आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अभी द्विपक्षीय वार्ता की समावनाओं को ना खारिज कर रहे हैं और ना स्वीकार कर रहे हैं। लेकिन, अभी हम इस बात को कन्फर्म नहीं कर सकते कि सरताज अजीज से वार्ता होगी कि नहीं। विकास स्वरूप बोले, विदेश मंत्री सुषमा स्वराज अस्पताल में हैं और वो 4 दिसंबर को अमृतसर में होने वाली हार्ट ऑफ एशिया समिट में हिस्सा नहीं लेंगी।

एलओसी पर तनाव को लेकर पाक पहुंचा संयुक्त राष्ट्र

न्यूयॉर्क, एजेंसी। भारत के साथ नियंत्रण रेखा पर तनाव को लेकर पाकिस्तान ने आज संयुक्त राष्ट्र से कहा कि स्थिति के पूर्ण संकट में बदलने से पहले उसे कार्रवाई करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की राजदूत मलीहा लोधी ने संयुक्त राष्ट्र के उप महासचिव एजनड मुहेर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि नियंत्रण रेखा पर स्थिति से अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप- संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थाई मिशन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ मुलाकात में लोधी ने आरोप लगाया कि नियंत्रण रेखा पर बढ़ता तनाव कश्मीर में किए जा रहे मानवाधिकार उल्लंघन से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान हटाने के लिए भारत द्वारा जानबूझकर किया जा रहा प्रयास है।

डिजिटल मनी पर सरकार का जोर, बदल रहे लोग - जेटली

नई दिल्ली, एजेंसी। नोटबंदी के मुद्दे पर बैंक अधिकारियों के साथ बैठक के बाद वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा है कि सरकार डिजिटल मनी पर जोर दे रही है। डिजिटल बैंकिंग को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाने के लिये कार्यबल गठित की गई है। उन्होंने कहा कि खरीदारी को लेकर देश में लोगों की आदतें बदल रही हैं। लोग डेबिट और क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं।

डिजिटल वॉलेट से लेनदेन बढ़ेगा

नोटबंदी के असर को लेकर बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए जेटली ने कहा, देश में 80 करोड़ कार्ड सकुर्लेशन में हैं। 40 करोड़ का सक्रिय रूप से इस्तेमाल किया जा

रहा है। डिजिटल वॉलेट से लेनदेन और बढ़ेगा। फिजिकल करंसी सिकुड़ेगी, लेकिन बिजनस बढ़ेगा। ग्रामीण इलाकों में कैशलेश ट्रांजैक्शन में दिक्कत होगी, इस सवाल पर जेटली ने कहा कि जहां मोबाइल ऐप पहुंचने में दिक्कत हैं वहां पीओएस मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा।

भारत और चीन के बीच तर्कसंगत, व्यावहारिक बातचीत की जरूरत: विदेश सचिव

नई दिल्ली। परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में भारत की सदस्यता के खिलाफ चीन द्वारा अपने रुख से पीछे नहीं हटने के बीच विदेश सचिव एस. जयशंकर ने दोनों पक्षों में इस बात को लेकर 'तर्कसंगत और व्यावहारिक' बातचीत की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि एक-दूसरे की आकांक्षाओं को जगह नहीं देना चिंता तरह संपूर्ण संबंधों के लिए नुकसानदेह है। जयशंकर ने इसके साथ ही चीन में भारत की छवि सुधारने की बात कही है और इसके उपाय भी बताए हैं। विदेश सचिव ने कहा कि भारत को चीन में अपनी छवि सुधारने के लिए अपने सॉफ्ट पावर का इस्तेमाल करने के साथ-साथ और भी बहुत कुछ करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी के लिए चुनौती बन रही भाजपा

कोलकाता, एजेंसी। देश भर में नोटबंदी को लेकर चर्चाएं गर्म है। बंगाल की राजनीति में इस फैसले से बदलाव शुरू हो गया है। इसका फायदा बीजेपी को मिलता दिख रहा है और वह तेजी से सत्ताधारी पार्टी टीएमसी के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। पश्चिम बंगाल में नोटबंदी के साथे में चुनाव हुए हैं। सत्ताधारी टीएमसी ने इस फैसले का सख्ती से विरोध किया तो वहीं बीजेपी ने इस फैसले का समर्थन किया।

बंगाल यूनिट की पीठ थपथपाई

कांग्रेस और सीपीआई (एम) ने भी इस फैसले का विरोध किया है। इस चुनाव में बीजेपी के बढ़े वोट शेयर की पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहना और इसके लिए उन्होंने बंगाल की बीजेपी यूनिट की पीठ थपथपाई। उपचुनाव के परिणाम आने के बाद पीएम मोदी ने कहा, मैं बीजेपी की बंगाल इकाई की उसके उत्साही प्रदर्शन के लिए सराहना करता हूं।

टीएमसी ने कूचबेहार लोकसभा सीट पांच लाख वोट और तामलुक लोकसभा सीट 1.27 लाख के बड़े अंतर से जीतीं। टीएमसी ने इस जीत को नोटबंदी के खिलाफ लोगों की बगावत करार दिया। कांग्रेस और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली लेफ्ट को इस उपचुनाव में सबसे ज्यादा घाटा हुआ है।

बंगाल में वोट शेयर बढ़ रहा-

नोटरेबर विधानसभा सीट पर वामपंथी बीजेपी प्रत्याशी की जमानत भी जब्त हो गई। कूचबिहार लोकसभा सीट पर बीजेपी का वोट शेयर 16.4 से बढ़कर 28.5 फीसदी हो गया है और तामलुक लोकसभा सीट पर बीजेपी का वोट शेयर 6.4 से बढ़कर 15.25 फीसदी हो गया है। इन आंकड़ों से साफ है कि बीजेपी का बंगाल में वोट शेयर बढ़ रहा है। वहीं कांग्रेस पार्टी की तीनों सीटों पर जमानत जब्त हो गई। सीपीआई (एम) को दो सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है।

हीरो ने पेश की बैटरी वाली साइकल, प्रदूषण से लड़ने में करेगी मदद

नई दिल्ली। शहर में बढ़ते पलूशन की वजह से सभी लोग परेशान हैं, लेकिन इसका हल भी सबको मिलकर ही निकलना होगा। अगर हम सरकार से बड़े कदम उठाने की उम्मीद कर रहे हैं तो हमें खुद भी छोटे-छोटे योगदान देने से पीछे नहीं हटना चाहिए। मिसाल के तौर पर साइक्लिंग एक ऐसा मीडियम है जो अगर बड़े पैमाने पर किया जाए तो इसका असर जरूर दिखता है। तरह-तरह की साइकल बाजार में पहले से मौजूद हैं, लेकिन गुरुवार को दिल्ली में एक खास साइकल लॉन्च हुई। इसे जब तक चाहें साधारण साइकल की तरह पैडल मारकर चला सकते हैं और जब थक जाएं या पैडल मारने का मन न करे तो एक स्विच दबाकर इसे बैटरी मोड पर चेंज करके ई-बाइक की तरह चला सकते हैं। हीरो साइकल्स ने यूरोपियन ब्रैंड हालेक्ट्रोड्स को इंडिया में पेश करते हुए एडअउ तकनीक वाली साइकलें उतारीं। इनकी शुरूआती कीमत 42 हजार रुपये रखी गई है।

इलेक्ट्रिकल पैडल असिस्टेड साइकल यानी एडअउ को एक हाइब्रिड साइकल कहा जा सकता

है। यह दिखने में तो एक नॉर्मल साइकल की तरह ही होती है। लेकिन इसमें एक बैटरी पैक और इलेक्ट्रिक मोटर लगी होती है। इसे घर के नॉर्मल सॉकेट में लगाकर चार्ज कर सकते हैं। अब इस साइकल को आप नॉर्मल तरीके से पैडल से चलाएं और जब जरूरत महसूस हो तो इलेक्ट्रिक मोड पर स्विच कर दें। मिसाल के तौर पर अगर आपको जिम जाना है तो आप साइक्लिंग करते हुए जा सकते हैं और वापस आते वक्त जब आप थकें हो तो बैटरी मोड पर रखकर ई-बाइक की तरह चला सकते हैं।

इनमें अलग-अलग तरह के मॉडल हैं। सभी में बैटरी पैक और इलेक्ट्रिक मोटर लगी है। स्कूल/कॉलेज जाने के लिए, ऑफिस के लिए और साइक्लिंग के शौकीनों के हिसाब से अलग-अलग वैरियंट डिजाइन किए गए हैं।

ट्रंप की देशवासियों से अपील

मतभेद भूलें, अमेरिका के पुनर्निर्माण के लिए एकजुट हों

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी जनता से कहा है कि वे राजनीतिक प्रचार अभियान को पीछे छोड़ दें और देश

का पुनर्निर्माण करने का राष्ट्रीय अभियान शुरू करने के लिए एकजुट हो जाएं। ट्रंप ने वैंक्सगिविंग के मौके पर अपने वीडियो संदेश में कहा, ऐतिहासिक राजनीतिक प्रचार अभियान अब खत्म हो चुका है। अब हमारे देश के पुनर्निर्माण के लिए और अमेरिका के पूर्ण वादे को बहाल करने के लिए हम सभी लोगों के लिए एक बड़े राष्ट्रीय स्तर के अभियान की शुरूआत होती है।

एकसाथ मिलकर काम करने का आग्रह -अपने संदेश में ट्रंप ने सभी लोगों से आपसी मतभेदों को भुलाकर अमेरिका को एकबार फिर महान बनाने के साझा संकल्प को पूरा करने के लिए एकसाथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमने हाल ही में एक लंबा और थका देने वाला राजनीतिक अभियान पूरा किया है। भावनाएं अभी हावी हैं और तनाव रातों-रात खत्म नहीं होते।

विश्वास संबंध विकसित करेंगे- ट्रंप ने कहा, यह मेरे लिए और देश के लिए बेहद अहम है लेकिन सफल होने के लिए हमें अपने पूरे देश के प्रयासों को एकजुट करना होगा। मैं आपसे इस प्रयास में जुड़ने के लिए कह रहा हूं। यह समय नागरिकों के बीच विश्वास का संबंध विकसित करने का है क्योंकि जब अमेरिका एकजुट होता है तब कुछ भी हमारी पहुंच से बाहर नहीं होता। वास्तव में...कुछ भी नहीं।

ओबामा ने आखिरी टर्की को दिया जीवनदान

अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वैंक्सगिविंग परंपरा के तहत गुरुवार को अपने कार्यकाल में आठवीं बार दो टर्की पक्षियों को जीवनदान दिया। रोज गार्डन में आयोजित समारोह में इस बार ओबामा के साथ उनकी बेटियां साशा और मालिया नहीं थीं। बेटियों की जगह ओबामा के नतीजे ऑस्टिन और एलेन वारकेन में शामिल हुए। ओबामा ने हंसी तकाकों के बीच कहा, मालिया और साशा की तरह वाशिंगटन ने अभी इन्हें परेशान नहीं किया है। जीवनदान देने से पहले ओबामा ने दोनों टर्की से मेहमानों को परिचित कराया। इस बार परंपरा में शामिल टर्की पक्षियों के नाम टेटर और टोट हैं। इन पक्षियों की आयु 18 सप्ताह है और इनका वजन 40 पौंड है।

नोटबंदी: मोदी से मिले अखिलेश यादव, कहा-

पीएम को आम आदमी की चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी। नोटबंदी से जनता को हो रही परेशानी को लेकर यूपी के सीएम



अखिलेश यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान अखिलेश ने पीएम मोदी को लोगों की परेशानियों के बारे में बताया और लोगों की सुविधा के लिए कदम उठाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को आम आदमी की चिंता है।

पहले से नहीं थी कोई प्लानिंग- खबरों के मुताबिक पीएम के साथ अखिलेश यादव के मीटिंग की पहले से कोई प्लानिंग नहीं थी। संसद के सेंट्रल हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अखिलेश यादव से मिले और वहां से वह अखिलेश को अपने साथ ले गए औ उन्हें चाय पिलाई।

रणवीर सिंह के ऐड पर सोशल मीडिया पर जंग

मुंबई, एजेंसी। एक्टर रणवीर सिंह के एक क्लोदिंग ऐड को सोशल मीडिया पर काफी क्रिटिसाइज किया जा रहा है। ऐड में रणवीर एक महिला मॉडल को अपने कंधे पर उठाए हुए हैं। ऐड की टैगलाइन है- पीछे से मत उठाओ। अपने वर्क होम ले जाओ। एक्टर सिद्धार्थ ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा- वर्कप्लेस में महिलाओं के राइट्स को लेकर एक नई गिरावट देखने को मिली है। आखिर वे सोचते क्या हैं? इस पर रणवीर ने कहा कि ऐड में कुछ भी बुरा नहीं है। सोशल मीडिया पर बहस के बाद कंपनी को ये ऐड हटाना पड़ गया है।

कंपनी ने ऐड हटाया- सोशल मीडिया पर विवाद को देखते हुए कंपनी ने ऐड हटा लिया है। जैक एंड जोन्स ब्रांड को बेचने वाले बेस्टसेलर इंडिया के कंट्री हेड विनीत गौतम के मुताबिक, हमारा ब्रांड देश और दुनिया में एक प्रोग्रेसिव सोच के लिए जाना जाता है। इसे यूथ्स पसंद करते हैं। हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। कंपनी अपने बोल्ड ऐड को लेकर गंभीर है। ऐड को लेकर अगर लोगों में तनाव है तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं। हमारा मकसद इसके जरिए किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था। हम इसे तुरंत बंद कर रहे हैं। रणवीर सिंह ने लिखा, जैक एंड जोन्स के ऐड में कुछ भी गलत नहीं था लेकिन इसे जबरदस्ती नीचे गिराने की कोशिश की गई।

MEDI-CAPS LIMITED

CIN: L24223MP1983PLC002231

Regd. Office: Mhow-Neemuch Road, Sector-1 Pithampur, Distt.- Dhar (M.P.) 454775

Tel.: (07292) 424242 fax: (07292) 407387 E-mail: investors@medicaps.com

NOTICE TO THE SHAREHOLDERS FOR TRANSFER OF SHARES TO IEPF

This Notice is published pursuant to the provisions of the Investors Education And Protection Fund Authority (Accounting Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 (the Rules) notified by the Ministry of Corporate Affairs, effective Sept., 7, 2016.

The Rules, among other matters, contain provisions for transfer of all shares in respect of which dividend has not been paid or claimed by the shareholders for seven consecutive years or more, (the Company has not declared and paid any dividend after the year 2011-12) in the name of Investors Education and Protection Fund (IEPF) Suspense Account.

Adhering to the various requirements set out in the rules, the Company has communicated individually to the concerned shareholders whose shares are liable to be transferred to IEPF Suspense Account under the said rules for taking appropriate action(s).

The Company has uploaded full details of such shareholders and shares due for transfer to IEPF Suspense Account on its website www.medicaps.com shareholders are requested to refer to the weblink www.medicaps.com/* to verify the details of unincashed dividend and the shares liable to be transferred to the IEPF Suspense Account.

Shareholders may note that both the unclaimed dividend and the share transferred to IEPF Authority/suspense account including all benefits accruing on such shares, if any, can be claimed back by them from IEPF Authority after following the procedure prescribed by the Rules.

The Concerned shareholders, holding shares in physical form and whose shares are liable to the transferred to IEPF Suspense Account, may note that the Company would be issuing duplicate share certificate(s) in lieu of the original share certificate(s) held by them for the purpose of transfer of shares to IEPF Suspense Account as per rules and upon such issue the original share certificate(s), which stand registered in their name will stand automatically cancelled and be deemed non negotiable. The Shareholders may further note that the details uploaded by the Company on its website should be regarded and shall be deemed adequate notice in respect of issuance of said duplicate share certificate(s) by the Company for the purpose of transfer of shares to IEPF suspense account, pursuant to the Rules.

In case the Company does not receive any communication from the concerned shareholders by 30th Nov., 2016 or such other date as may be extended, the Company shall with a view to complying with the requirements set out in the rules, transfer the shares to the IEPF Suspense Account by the due date as per procedure stipulated in the rules.

In case the shareholders have any queries on the subject matter and the rules, they may contact at the following addresses:

Company Secretary & Compliance Officer : Medicaps Ltd., Mhow-Neemuch Road, Sector-I, Pithampur, Dist. Dhar – 454775, Email: investors@medicaps.com

Compliance Officer : Ankit Consultancy Pvt. Ltd., Plot No. 60, Electronic Complex, Pardeshipura, Indore - 452010 (MP) Email: ankit_4321@yahoo.com

Place: Indore
Date: 22nd September 2016

For, MEDI-CAPS LTD
ALOK K. GARG (DIN: 0024317)
MANAGING DIRECTOR